**प्रसार भारती**

**भारतीय प्रसारण निगम**

**आकाशवाणी केन्द्र शिमला**

**01.10.2025/प्रादेशिक समाचार/920 बजे**

**प्रधानमंत्री–आरएसएस शताब्दी समारोह**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज नई दिल्ली में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ–आरएसएस के शताब्दी समारोह में भाग लेंगे। समारोह में संघ की विरासत, उसके सांस्कृतिक योगदान और देश की एकता में उसकी भूमिका के बारे में बताया जाएगा। इस अवसर पर प्रधानमंत्री राष्ट्र के प्रति आरएसएस के योगदान को दर्शाने वाला एक विशेष रूप से डिज़ाइन किया गया स्मारक डाक टिकट और सिक्का जारी करेंगे।

**अंतर्राष्ट्रीय वरिष्ठ नागरिक दिवस**

आज अंतरराष्ट्रीय वरिष्ठ नागरिक दिवस है। इस अवसर पर सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय वरिष्ठ नागरिकों के लिए नई दिल्ली में एक कार्यक्रम आयोजित करेगा। ये कार्यक्रम वरिष्ठ नागरिकों के लिए एक सम्मानजनक और सक्षम पारिस्थितिकी तंत्र बनाने की सरकार की प्रतिबद्धता को जताता है। इस बीच शिमला के रिज मैदान पर बुजुर्गों के प्रति सम्मान व स्वस्थ जीवन शैली अपनाने का संदेश देने के लिए साईकिल रैली का आयोजन किया जाएगा। इसका शुभारंभ मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू करेंगे।

**सेवा पर्व–जी 20**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सरकार सेवा और सुशासन के मंत्र के आधार पर परिवर्तन और प्रगति के लिए अथक प्रयास कर रही है। इस विशेष श्रृंखला – सेवा पर्व में आज हम आपको बता रहे हैं कि कैसे मोदी सरकार ने जी –20 में भारत की सफलता को प्रदर्शित किया है, वैश्विक दक्षिण की आवाज़ को बुलंद किया है और भारत के वैश्विक नेतृत्व को मज़बूत किया है।

**जे.पी. नड्डा**

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष व केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा आज से प्रदेश के तीन दिवसीय दौरे पर रहेंगे। इस दौरान वे आज बिलासपुर में जीएसटी बचत उत्सव में शामिल होंगे। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री 3 अक्तूबर को बिलासपुर स्थित अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान के स्थापना दिवस में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करेंगे। इस समारोह की अध्यक्षता प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री धनीराम शांडिल करेंगे।

**राज्यपाल**

राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने कहा है कि विकसित भारत के सपने को साकार करने में कला व संस्कृति की महत्वपूर्ण भूमिका है। शिमला में केंद्रीय संस्कृति मंत्रालय द्वारा सेवा पर्व के अवसर पर आयोजित विकसित भारत के रंग कला के संग चित्रकला कार्यशाला में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करते हुए उन्होंने ये बात कही।

**नवरात्र**

शारदीय नवरात्र के नौवें व अंतिम दिन आज मां दुर्गा के सिद्धिदात्री स्वरूप की पूजा–अर्चना की जा रही है। इस दिन लोग कन्या पूजन का अनुष्ठान करते हैं और देवी दुर्गा से आशीर्वाद व समृद्धि की प्रार्थना करते हैं। राजधानी शिमला सहित प्रदेश के सभी शक्तिपीठों में आज सुबह से ही माता के दर्शनों के लिए भक्तों का तांता लगा हुआ है।

**<u>और अब सुर्खियां समाचार पत्रों से.....</u>**

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के बयाना को आज समाचार पत्रों ने प्रमुखता दी है। अमर उजाला लिखता है **केसीसी बैंक ओटीएस मामले में सरकार का रोल नहीं, ईडी कर रहा जांच।** दैनिक जागरण का शीर्षक है **प्रधानमंत्री मोदी की घोषणा के बाद भी हिमाचल को एक पैसा नहीं मिला।** पंजाब केसरी के अनुसार **जीएसटी से हिमाचल को नुकसान, आय हुई कम।**

दिव्य हिमाचल की एक खबर है **संजय गुप्ता या के.के पंत, अगले मुख्य सचिव को लेकर अटकलें।** दैनिक भास्कर के शब्द हैं **प्रबोध सक्सेना की हुई विदाई, किसको मिलेगी अब मुख्य सचिव की जिम्मेदारी।**

इसी के साथ ये समाचार बुलेटिन समाप्त हुआ। हमारा अगला बुलेटिन आप सुन सकते है सुबह 11 बजे। नमस्कार।

———————————